संगठन व पंचायतीराज चुनावों को लेकर रणनीति पर किया विचार-विमर्श

बीकानेर, (कासं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार 22 फरवरी को सुबह 11:30 बजे से रानी बाजार स्थित देहात कांग्रेस कार्यालय में जिला कांग्रेस कमेटी (देहात) की मासिक बैठक अध्यक्ष बिशनाराम सियाग के नेतृत्व में आयोजित की गई।

बैठक में 28 फरवरी को प्रस्तावित जनसभा की तैयारियों, बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने, पंचायत क्षेत्रवार जिम्मेदारी तय करने तथा पंचायतीराज चुनावों को लेकर विस्तृत रणनीति पर गहन विचार-विमर्श किया गया। 28 फरवरी को डोटसरा की जनसभा को सफल बनाने के लिए व्यापक चर्चा की गई तथा पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भाजपा सरकार के कार्यकाल में जिले में बिगड़ती कानून व्यवस्था की स्थिति पर निंदा प्रस्ताव पारित किया गया। आमजन की समस्याओं को लेकर आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन किए जाने का भी निर्णय लिया गया।

बीकानेर में देहात कांग्रेस कार्यालय में आयोजित बैठक को जिला अध्यक्ष बिश्नाराम सियाग ने संबोधित किया।

- 28 फरवरी को डोटसरा की जनसभा को सफल बनाने के लिए व्यापक चर्चा कर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई

जिला कांग्रेस कमेटी देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग ने कहा कि पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर हमारा संकल्प स्पष्ट है कि जनता के विश्वास, कार्यकर्ताओं की मेहनत और मजबूत संगठन के बल पर पंचायतीराज एवं निकाय चुनावों में कांग्रेस का परचम फहराना ही हमारा लक्ष्य है। हम विकास, पारदर्शिता और जनसेवा की राजनीति में विश्वास रखते हैं। पंचायत से लेकर निकाय तक, आम जनता की आवाज़ को सशक्त बनाना और उनके अधिकारों की रक्षा करना हमारी प्राथमिकता है। हम सब मिलकर एकजुट होकर और आगामी चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मजबूत बनाते हुए जीत का परचम फहरायेंगे। इसी उद्देश्य से 28 फरवरी को नोखा रोड़, भीनासर में विशाल जनसभा का आयोजन किया जायेगा। इस जनसभा को प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा सम्बोधित करेंगे। पंचायतीराज व निकाय चुनाव में कांग्रेस पार्टी की मजबूती के उद्देश्य से हो रही इस जनसभा में बड़ी संख्या में पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों, युवाओं, महिलाओं, स्थानीय नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें आमंत्रित किया गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में उनकी भूमिका मजबूत हो सकें।

मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि नोखा रोड, भीनासर में 28 फरवरी को आयोजित होने वाली विशाल जनसभा संगठन के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इस सभा के माध्यम से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा, उत्साह और एकजुटता का संचार होगा। हमें बड़ी संख्या में पंचायतीराज जनप्रतिनिधियों, युवाओं, महिलाओं और आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करनी है, ताकि यह आयोजन ऐतिहासिक बने।

इस मासिक बैठक में एआईसीसी के निर्देशानुसार संगठन को अधिक सक्रिय, अनुशासित एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से जिला, ब्लॉक एवं मण्डल कांग्रेस कमेटियों का भी संगठन सृजन होगा तथा मासिक बैठकें अनिवार्य होगी। इन बैठकों में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की जायेगी तथा पूर्व में किये गये कार्यों की समीक्षा होगी। इस संबंध में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रेषित निर्देशों को पढ़कर सुनाया गया।

बाइक-कैम्पर भिड़ंत में एक जने की मौत

नोखा, (कासं)। नोखा-देशनोक मार्ग पर शनिवार देर रात सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

हादसा भामटसर के बीटेक कॉलेज के पास हुआ। इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बीकानेर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार रासीसर गांव के दो व्यक्ति बाइक पर नोखा की ओर जा रहे थे। उसी दौरान नोखा से देशनोक की तरफ जा रही एक कैम्पर गाड़ी से आमने-सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार ओमप्रकाश सोनी, निवासी रासीसर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। बाइक पर सवार दूसरा व्यक्ति मनफूल पूनिया, निवासी रासीसर गंभीर रूप से घायल हो गया।

घायल मनफूल पूनिया को स्थानीय लोगों ने नोखा के जिला अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे बीकानेर के पीबीएम अस्पताल रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर नोखा पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। एएसआई मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि मृतक ओमप्रकाश सोनी का शव नोखा के जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। परिजनों को सूचित कर दिया गया है।

सार-समाचार

पर्यावरण संघर्ष समिति का धरना

बीकानेर कलेक्ट्रेट के समक्ष धरने पर बैठे पर्यावरण संघर्ष समिति के पदाधिकारी।

बीकानेर, (कासं)। पर्यावरण संघर्ष समिति का धरना 219 वें दिन भी जारी रहा तथा खेजड़ला रोही नोखा दईया के धरने का 574 वां दिन रहा। बीकानेर धरने पर बैठे पर्यावरण प्रेमी गंगाबिशन सियाग ने कहा कि सरकार के लिखित आदेश के बाद भी खेजड़ी कटना दुर्भाग्यपूर्ण है। कल जैसलमेर इलाके में खेजड़ियां काटी गई है। यह सरकार की वादाखिलाफी है। महापड़ाव इसी शर्त पर स्थगित किया गया था कि अब खेजड़ी नहीं कटेगी, लेकिन लगता है सरकार खेजड़ी व पर्यावरण के प्रति गम्भीर नहीं है। आज धरने पर हीरा बिश्नोई, रामगोपाल बिश्नोई, शिवदान मेघवाल, महीराम दिलोईया, गंगाबिशन सियाग, रामप्रताप वर्मा, रामदेव मेघवाल, ताहिर खान, हनुमान काकड़, मूलचन्द खत्री, जयप्रकश बागड़वा, सुगनाराम चौधरी, पूनमराम रिख, केदारनाथ खत्री, बुधराम सीगड़, रामचन्द्र माल, कृष्ण कुमार बिश्नोई, कपिल गौड़, गोपीचन्द धायल, महेन्द्र भादू, जयकिशन गहलोत, मोहनराम सायच, काशीराम मेघवाल, मदनलाल गोदारा, एल.डी. मगरा, मालचंद कस्वां, रामसिंह राहड़, मईनुदीन कोहरी, लादूराम गोदारा व रमेश मेघवाल आदि बैठे।

ओबीसी परिवारों की समस्या सुनें

शहर कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की बैठक को जिलाध्यक्ष उमा करल ने संबोधित किया।

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहर जिला कांग्रेस ओबीसी प्रकोष्ठ की मासिक बैठक जिलाध्यक्ष उमा करल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में संगठन की एक माह की कार्ययोजना तैयार कर अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्षता करते हुए उमा करल ने कहा कि ओबीसी समुदाय आज की तारीख में सबसे बड़ा समुदाय है और भारतीय राजनीति में एक बड़ी भूमिका अदा करता है। इस लिहाज से हमारा दायित्व है कि ओबीसी परिवारों के सामने आने वाली दिक्कतों को पहचान कर उनके समाधान का प्रयास करना हमारा दायित्व है। इसके साथ ही सभी पदाधिकारी अपने अपने प्रभार क्षेत्र में पूर्ण सक्रियता के साथ कार्य करते हुए ओबीसी परिवारों की सूची तैयार करें ताकि उन परिवारों तक हमारी सीधी पहुंच हो सके। उमा करल ने कहा कि पद लेकर बैठने वालों से कार्य नहीं होता। आपको अगर अपने क्षेत्र में सफल होना है तो ईमानदारी और सक्रियता से आम जन के हितार्थ कार्य करना होगा। बैठक में उपाध्यक्ष संजय भाटी, उपाध्यक्ष कैलाश गहलोत, महासचिव रितेश शर्मा, महासचिव धीरज चौधरी, सचिव शराफत अली, सचिव अली राजा ने संगठन के कार्य हेतु अपने महत्वपूर्ण विचार रखे। इस अवसर पर ओबीसी प्रकोष्ठ के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

पार्किंग सुरक्षा भगवान भरोसे

बीकानेर, (कासं) 471 करोड़ रुपए की लागत से बीकानेर रेलवे स्टेशन का मेजर अपग्रेडेशन कार्य तेजी से चल रहा है। आधुनिक सुविधाओं और विश्व स्तरीय स्वरूप की तैयारी के बीच स्टेशन के गेट नंबर 1 के पास स्थित पार्किंग व्यवस्था अव्यवस्था का शिकार हो गई है। करीब एक माह पूर्व पार्किंग का ठेका समाप्त हो गया, जिसके बाद रेल प्रशासन और ठेकेदार की ओर से एक नोटिस चस्पा कर दिया गया। आवश्यक सूचना : पार्किंग का ठेका समाप्त हो चुका है। कृपया अपना वाहन स्वयं की जिम्मेदारी पर खड़ा करें। हजारों दैनिक यात्रियों के लिए यह स्थिति चिंता का कारण बन गई है। स्टेशन से प्रतिदिन हजारों यात्री आवागमन करते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में अपने वाहन पार्किंग में छोड़कर यात्रा पर जाती है। ऐसे में रेलवे द्वारा वाहनों की सुरक्षा से पल्ला झाड़ लेना जनहित के सवाल खड़े कर रहा है। खास बात यह है कि यह क्षेत्र कोटगेट थाना इलाके में आता है जहां पूर्व में वाहन चोरी की घटनाएं सामने आती रही है। पहले तैनात होते थे रेलकर्मी। सूत्रों के अनुसार पार्किंग का नया ठेका प्रक्रिया पूरी होने के बावजूद धरातल पर व्यवस्था शुरू नहीं हो सकी है। पिछले वर्षों में जब भी ठेका समाप्त हुआ और नए ठेकेदार के आने में विलम्ब हुआ। तब रेल प्रशासन ने अस्थायी तौर पर रेलकर्मियों को पार्किंग स्थल पर तैनात कर सुरक्षा सुनिश्चित की थी। इससे यात्रियों को भरोसा रहता था कि उनके वाहन सुरक्षित है।

युवक ने फांसी लगा जान दी

श्रीगंगानगर, (कासं)। पुरानी आबादी के वार्ड 16 में एक युवक ने घर में ही फंदा लगाकर संदिग्ध परिस्थितियों में जान दे दी। घटना करीब 12 बजे की है। परिजनों की सूचना पर पुरानी आबादी थाना से ड्यूटी अधिकारी हैड कांस्टेबल कमलेश मीणा मौके पर पहुंचे। परिजनों की मौजूदगी में शव को फंदे से उतरवाकर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया है। सुबह कानूनी कार्रवाई होगी। पुलिस के अनुसार बाबा बालकनाथ के टीले के सामने स्थित मकान निवासी युवक सन्नी ने घर में फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों को इस बात का पता रात करीब 12 बजे चला। युवक ने कमरा अंदर से बंद किया हुआ था। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया। युवक के फंदा लगाकर जान देने के ठोस कारण सामने नहीं आये हैं। पुलिस ने मृतक के कमरे की तलाशी भी ली है लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला।

सुषमा बारूपाल को श्रद्धांजलि दी

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्या सुषमा बारूपाल के निधन पर बीकानेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि और शब्दांजलि कार्यक्रम रखा गया। जिलाध्यक्ष मदनगोपाल मेघवाल ने सुषमा बारूपाल के तेल चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि उनका जीवन सदैव कांग्रेस पार्टी को समर्पित रहा। बीकानेर जिले में ब्लॉक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, जिला कांग्रेस से लेकर प्रदेश में विभिन्न पदों पर रहते हुए उन्होंने अपने कर्तव्य का बखूबी पालन किया। हर कार्यक्रम में उनकी सक्रिय उपस्थिति उनको संगठन का अथक योद्धा के रूप स्थापित किया। अचानक उनका जाना संगठन के लिए अपूरणीय क्षति है। भगवान से प्रार्थना करते हैं कि उनको आत्मिक शांति प्रदान करें। ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर ने सुषमा बारूपाल के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

गुलशन धमीजा के मंगवाये 24000 नशे के कैप्सूल दूसरे दिन भी पकड़े

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीगंगानगर पुरानी आबादी के वार्ड 9 हाउसिंग बोर्ड निवासी गुलशन धमीजा के मंगवाए गए 24000 नशे के कैप्सूल की खेप दूसरे दिन भी पकड़ी गई। शनिवार को यह खेप कोडा चौक स्थित चंद्रा कार्गो के ऑफिस से कोतवाली पुलिस ने बरामद की थी।

सेतिया चौकी प्रभारी रामेश्वर लाल बिश्नोई ने इसे सीज करते हुए आरोपी गुलशन धमीजा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि दोपहर में कार्गो से फोन पर सूचना मिली कि एक संदिग्ध पार्सल आया हुआ है, जिसे कोई लेने नहीं आया। इसमें नशे के कैप्सूल या गोलियां होने की आशंका है। लिहाजा वे हैड कांस्टेबल बुधालाल और कांस्टेबल बलवंत सिंह के साथ मौके पर पहुंचे। वीडियोग्राफी करवाते हुए पार्सल को खोला गया। इसमें जिला मजिस्ट्रेट की ओर से प्रतिबंधित किए गए घटक के 120 बॉक्स तथा प्रत्येक बॉक्स में 200 कैप्सूल बरामद हुए।

इस पर 24000 कैप्सूलों को सीज किया गया और आरोपी गुलशन धमीजा पुत्र आशीष अरोड़ा को गिरफ्तार किया गया है। पार्सल पर लिखा था गुलशन का निकनेम और मोबाइल नंबर, इसी से आरोपी बनाया। चंद्रा कार्गो से जोधपुर से आये इस पार्सल पर एमके डीजे एसेसरी एड्रेस लिखा हुआ था। इसके साथ ही एक मोबाल नंबर लिखा हुआ था। यह मोबाइल नंबर नशा तस्करी के आरोपी गुलशन धमीजा का है। इसके आधार पर सेतिया चौकी प्रभारी रामेश्वर लाल बिश्नोई ने आरोपी गुलशन को गिरफ्तार किया। गुलशन को पुरानी आबादी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था। वहां से अदालत में पेश किया गया। सेतिया चौकी पुलिस ने आरोपी को वहीं से हिरासत में ले लिया और कार्गो ऑफिस ले जाकर तस्दीक करवाई। यह पार्सल उसने अपने पत्नी ममता कुमारी यानि एमके तथा गुलशन का डीजे का काम है। इसलिए डीजे एसेसरी लिखा हुआ था। गुलशन को 33800 प्रतिबंधित घटक के नशीले कैप्सूल, 13100 रूपए नकदी व स्कूटी सहित 20 फरवरी को किया गिरफ्तार किया था। आरोपी की पत्नी ममता सिकलीगर पुलिस को देखकर भागने में कामयाब हो गई थी। उक्त खेप भी 20 फरवरी को जोधपुर से चंद्रा कार्गो के मार्फत ही पहुंची थी। आरोपी की पत्नी ममता को दूसरे दिन भी नहीं पकड़ा जा सका। आरोपी 7-8 सालों से नशे के तौर पर इस्तेमाल हो रही दवाओं की तस्करी का धंधा करता आ रहा है। वह डीजे की आड़ में नशे के कैप्सूल की सप्लाई का नेटवर्क चला रहा है।

- गुलशन को पुरानी आबादी पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया
- सेतिया चौकी पुलिस ने आरोपी को वहीं से हिरासत में ले लिया

भामाशाह ने दी धीरेरा पंचायत को एम्बुलेंस

लूणकरनसर, (कासं)। ब्लॉक के धीरेरा गांव में युवा समाजसेवी ओमप्रकाश गोदारा ने धीरेरा ग्राम पंचायत को एक निशुल्क एम्बुलेंस भेंट की है। यह एम्बुलेंस उनके दादा स्व. चौधरी ताजूराम और चाचा मानाराम गोदारा की स्मृति में दी गई है। इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

यह एम्बुलेंस ओमप्रकाश गोदारा के साथ धीरेरा सरपंच किस्तूरी देवी, अर्जुनराम, गोपालराम, मुनीराम, महेन्द्र और विजय पाल सहित गोदारा परिवार के अन्य सदस्यों द्वारा प्रदान की गई। इस पहल से धीरेरा ग्राम पंचायत क्षेत्र के धीरेरा, मेहराणा, साधेरा और दुलमेरा गांवों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की जरूरतें पूरी होंगी। इस अवसर पर दुर्गाराम खाती ने इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसी गतिविधियां समाज में सकारात्मक बदलाव लाती हैं और जन कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। एम्बुलेंस भेंट कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। उन्होंने गोदारा परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

पुलिस ने की10 लाख की अवैध शराब जब्त

महाजन, (कासं)। पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 10 लाख रूपये मूल्य की 180 पेटी पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब जब्त की। यह कार्रवाई नाकाबंदी के दौरान की गई, जिसमें एक पिकअप गाड़ी और एक आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है।

महाजन थानाधिकारी भजनलाल लावा ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस-वे पर देर रात से ही नाकाबंदी की गई थी। सुबह एक पिकअप गाड़ी वहां पहुंची, जिस पर डाक पार्सल लिखा हुआ था और वह चारों तरफ से पैक थी। पुलिस ने गाड़ी को रोकने का इशारा किया तो वह रूक गई। पूछताछ करने पर ड्राइवर ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। गाड़ी की तलाशी के लिए पीछे से खुलवाया गया तो उसमें अंग्रेजी शराब भरी हुई मिली। ड्राइवर शराब से संबंधित कोई बिल या वाउचर भी प्रस्तुत नहीं कर सका।

जांच में शराब की बोतलों पर पंजाब निर्मित लिखा पाया गया। आरोपी ने अपना नाम जोगाराम पुत्र भैराराम जाट, निवासी डबली सरा, जिला बाड़मेर बताया। पुलिस के अनुसार पिकअप गाड़ी में कुल 180 पेटी शराब भरी हुई थी। जिसमें 150 पेटी बीयर और 30 पेटी अंग्रेजी शराब शामिल थी। जब्त की गई बीयर और अंग्रेजी शराब की बाजार कीमत लगभग 10 लाख रूपये आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी जोगाराम को गिरफ्तार कर थाने ले आई। उसके खिलाफ अवैध रूप से अंग्रेजी शराब का परिवहन और बिक्री करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान महाजन थाने के हैड कांस्टेबल बाबूलाल और कांस्टेबल राजेश कुमार, भादरराम व अजय सिंह भी पुलिस टीम में शामिल थे।

- नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब से भरी पिकअप को जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया, शराब की बोतलों पर पंजाब निर्मित लिखा पाया

अनियंत्रित पिकअप ट्रैक्टर से टकरा पलटी

बीकानेर, (कासं)। मुक्ता प्रसाद थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित पिकअप वाहन खड़ी ट्रैक्टर और हेक्टर कार से टकराकर पलट गई। हादसा सब्जी मंडी के आगे भगवान राम सोनी के घर के पास हुआ।

गनीमत रही कि हादसे में कोई राहगीर घायल नहीं हुआ। पिकअप गाड़ी किसी टैंट हाउस संचालक की है, जो सामान लेकर वापस गोदाम की ओर लौट रही थी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार तेज रफ्तार पिकअप अचानक नियंत्रण खो बैठी और सड़क किनारे खड़े ट्रैक्टर-हेक्टर से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि पिकअप पलट गई। हादसे के वक्त आसपास लोगों की आवाजाही थी, लेकिन किसी को चोट नहीं आई।

स्थानीय लोगों के अनुसार चालक को नींद की झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित हुआ हो सकता है। हालांकि इस संबंध में पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। घटना की सूचना मिलते ही सहायक उप निरीक्षक हनुमान सिंह, कांस्टेबल महेश और जसवंत राज मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार की कार्रवाई की जानकारी नहीं मिली थी। सुबह-सवेरे हुए इस हादसे से क्षेत्र के लोगों में रोष है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां आए दिन तेज गति से वाहन निकलते हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है।

- सुबह-सुबह सब्जी मंडी के आगे हुआ ये हादसा, चालक घायल

श्रीगंगानगर में कोहरा छाया

श्रीगंगानगर, (कासं)। रविवार सुबह एक बार फिर से मौसम बदला। सुबह 8 बजे तक ग्रामीण इलाकों में घना कोहरा छाया रहा, जिसके कारण विजिबिलिटी 50 मीटर से कम रही। वाहन चालकों को वाहनों की हैडलाइट जलाकर चलना पड़ा। मौसम में भी काफी ठंडक रही और 9 बजे धूप निकली।

मौसम राडार स्टेशन श्रीगंगानगर पर रविवार सुबह न्यूनतम तापमान 13.1 डिग्री रिकार्ड किया गया। शनिवार को न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री पर अधिकतम तापमान 29.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। वहीं शुक्रवार को यहां न्यूनतम तापमान 13.9 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री रिकार्ड किया गया। दिन में हवाएं चलने से न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। मौसम विभाग ने आगामी 1 सप्ताह तक जिले में मौसम ड्राई बना रहने की संभावना जताई है।

दस साल के एक बच्चे को कुत्ते ने कई जगह से नोंच खाया

बीकानेर, (कासं)। इंद्रा कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक बना हुआ है। शनिवार को शंकर स्टूडियो के पास दस साल के एक बच्चे को कुत्ते ने कई जगह से नोच खाया।

बच्चे को तत्काल पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया जहां उसके टांके आये हैं। इसके अलावा एक युवक को भी कुत्तों ने काट लिया। वार्ड नंबर 36 में उम्मेद सिंह का दस साल का बेटारणवीर सिंह घर शंकर स्टूडियो के पास से निकल रहा था। उसी दौरान एक आवारा कुत्ते ने उस पर हमला कर दिया। बालक की जांघ खा गया। उसके बाद उसकी कमर पर भी दांत गड़ा दिए। बच्चा चिल्लाने लगा तो आस-पास के लोगों ने उसे बचाया। इसी प्रकार कॉलोनी में ही रहने वाले 48 वर्षीय हिम्मत सिंह को भी कुत्तों ने काट लिया। इस घटना से गुस्साए भाजपा नेता भगवान सिंह मेड़तिया मोहल्ले वालों के साथ नगर निगम पहुंचे।

निगम में अवकाश होने के कारण उन्होंने उपायुक्त यशपाल आहूजा से फोन पर बात की और कुत्तों को पकड़वाने का आग्रह किया। भगवान सिंह ने बताया कि इंद्रा कॉलोनी में कुत्तों का आतंक बना हुआ है। सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के बाद भी नगर निगम ने आवारा कुत्तों को रखने के लिए अलग से शेल्टर होम नहीं बनाया है। शहर के कई हिस्सों में कुत्तों के काटने की घटनाएं हो रही हैं।

बच्चों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। निगम उपायुक्त ने बताया कि ठेकेदार को कह दिया गया है। जल्दी ही हिंसक कुत्तों को पकड़ लिया जायेगा। एनिमल बर्थ कंट्रोल पॉलिसी के तहत कुत्तों की नसबंदी कर सात दिन में उन्हें छोड़ने का नियम है। वेंटर ने बताया कि 50 कुत्तों की क्षमता का शेल्टर होम बनाया हुआ है।

करणी नगर कॉलोनी के पार्क की ओर आज दूसरे दिन भी कुत्तों का आतंक देखने को मिला।

- इंद्रा कॉलोनी में आवारा कुत्तों का आतंक है
- नगर निगम ने आवारा कुत्तों को रखने के लिए अलग से शेल्टर होम नहीं बनाया

'टीकाकरण बच्चों को जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम'

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर शहरी क्षेत्र में नियमित टीकाकरण को सुदृढ़ करने तथा जीरो-डोज़ बच्चों की पहचान कर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से समाजसेवी संस्था दिशा के तत्वावधान में टी.बी. क्लीनिक, बीकानेर के प्रशिक्षण भवन में धर्मगुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक का उद्देश्य समुदाय में टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना, टीकाकरण से जुड़ी भ्रांतियों का निराकरण करना तथा सामुदायिक सहभागिता के माध्यम से शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना रहा। वक्ताओं ने कहा कि समय पर टीकाकरण बच्चों को गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से सुरक्षित रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग का सहयोग अनिवार्य है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसीएचओ डॉ. भवानी शंकर गहलोत ने की। अन्य प्रतिभागियों में डब्लयूएचओ एसएमओ डॉ. अनुरोध तिवारी, जिला क्षय निवारण अधिकारी डॉ. सी.एस. मोदी, राजीविका डीएम कुंज बिहारी, मणिशंकर हर्ष, प्रियंका चौधरी, एसबीआई आरसीटी समन्वयक कपिल पुरोहित तथा जेएसआई जिला समन्वयक अनूप पायल शामिल थे। डॉ. भवानी शंकर गहलोत ने ब्लॉक में जीरो-डोज़ बच्चों की पहचान कर उन्हें नियमित टीकाकरण से जोड़ने की रणनीति पर प्रकाश डाला। डॉ. अनुरोध तिवारी ने कहा कि धर्मगुरूओं एवं प्रभावशाली व्यक्तियों की सकारात्मक पहल से समाज में विश्वास का वातावरण बनता है, जिससे टीकाकरण अभियान को नई गति मिलती है। डॉ. सी.एस. मोदी ने टीकाकरण से रोके जा सकने वाले रोगों की जानकारी देते हुए अभिभावकों को जागरूक करने का आव्हान किया। दिशा आरसीडीएसएसएस अजमेर की ओर से जिला समन्वयक सलमान खान, ब्लॉक समन्वयक मैना, रोहित पालीवाल, शिवशंकर, मो. साजिद एवं सुनील वैष्णव ने जीरो-डोज़ बच्चों की पहचान, ट्रैकिंग एवं समुदाय स्तर पर संवाद रणनीति पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विभिन्न धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। पंडित सुरेश पारीक, पंडित नितेश गहलोत, हाजी जाकिर खान, पंडित नरेंद्र राजपुरोहित तथा गुरुद्वारा साहिब से पाठी लवप्रीत सिंह, रविंद्र सिंह, दलजीत सिंह एवं दिलबाग सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों में टीकाकरण को बढ़ावा देने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में जिला समन्वयक सलमान खान ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए समुदाय में नियमित टीकाकरण के समर्थन हेतु सतत सहयोग का आव्हान किया।

समाजसेवी संस्था दिशा के तत्वावधान में टीकाकरण अभियान को लेकर धर्मगुरूओं की बैठक को डॉ. भवानी शंकर गहलोत ने संबोधित किया।

बिहाणी के इलाके में सबसे ज्यादा वोटर्स बढ़े

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला मजिस्ट्रेट व निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने फाइनल वोटर लिस्ट जारी कर दी है। ड्राफ्ट लिस्ट में वोटरों की संख्या 14 लाख 67 हजार 224 थी। अब फाइनल लिस्ट में वोटरों की संख्या 14 लाख 78 हजार 907 है। यानी कि फाइनल लिस्ट में 21 हजार 683 वोटर्स बढ़ गए हैं। जिले में अब 7 लाख 73 हजार 726 महिला, 7 लाख 5 हजार 129 पुरूष व 52 ट्रांसजेंडर वोटर्स हैं।

फाइनल वोटर लिस्ट में श्रीगंगानगर से भाजपा के विधायक जयदीप बिहाणी के इलाके में सबसे ज्यादा वोटर्स बढ़े हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मंजू ने बताया कि 16 दिसम्बर को ड्राफ्ट लिस्ट प्रकाशित हुई थी। जिसमें 14,67,224 वोटर्स थे। दावे आपत्तियों का निस्तारण करने के बाद 21 फरवरी को फाइनल लिस्ट जारी की गई। जिसमें अब 14,78,907 वोटर हैं।

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001
क्र. :- नियमन/2026/5151 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 19.02.2026
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती कोमल सरपाल पुत्र श्री रेशम सिंह सरपाल निवासी वार्ड नं. 19, बसंती चौक, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण		आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण
भूखण्ड का विवरण	मूल भूखण्डधारी	दस्तावेज का विवरण
चक 3 एमएल मुरब्बा नं. 36 के किला नं. 5 व मुरब्बा नं. 17 के किला नं. 25 में माप 25 इंटू 60 फीट भू.सं. डब्ल्यू-41, सिद्धि-सिद्धि सैक्टर-13 श्रीगंगानगर	उक्त भूखंड का आवांसीय पट्टा सं. 15699 दिनांक 27.7.2022 को श्री विपिन धींगड़ा पुत्र श्री सुमन धींगड़ा के नाम से जारी है।	श्रीमती कोमल सरपाल द्वारा जरिये पंजीकृत बैयनामा दिनांक 27.10.2025 की प्रति प्रस्तुत कर उक्त भूखंड के नामांतरण बाबत न्यास में ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया है।

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्रीमती कोमल सरपाल पुत्र श्री रेशम सिंह सरपाल निवासी वार्ड नं. 19, बसंती चौक, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज/की लीज होल्ड पट्टे के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पूरा दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर/ दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमख्वास/हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।
आवेदन संख्या :- SGNR/FY25-26/MUT/982 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर